पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 15 जून 2019

मिशन-2022 की तैयारी में जुटे सीएम योगी

तीनों प्राधिकरण के अधिकारियों संग समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों का खींचा खाका

● परीचौक से एयरपोर्ट टर्मिनल मेट्रो का निर्माण 2020 से होगा शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के बाद शुक्रवार को योगी आदित्यनाथ नौवीं बार गौतमबुद्ध नगर जिले में आए। निधारित समय से करीब दो घंटे विलंब से पहुंचे सीएम ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण भवन में जिले की तीनों प्राधिकरणों के कार्यों, विकास और विजन की समीक्षा की। माना जा रहा है कि विकास कार्यों का खाका खींचकर सीएम योगी मिशन-2022 की तैयारियों में जुटे हैं।

समीक्षा बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के सीईओ ने सीएम योगी आदित्यनाथ के सामने बीते दो वर्षों के दौरान किए गए कार्यों का ब्योरा पेश किया। इन अफसरों ने आने वाले वर्षों में विकास का जो खाका तैयार किया गया है, उसका पावर पॉइंट प्रजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री के अलावा औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना, राज्यमंत्री सुरेश राणा के अलावा स्थानीय सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह, पंकज सिंह और तेजपाल नागर ने भी अफसरों से सवाल जवाब किए। मुख्यमंत्री के सबसे पहले नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन आलोक टंडन ने प्रजेंटेशन दिया। सूत्र बताते हैं कि समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने नोएडा एयरपोर्ट की प्रगति की समीक्षा के साथ ही प्राधिकरण के अफसरों के स्थानांतरण और सीएजी जांच के मुद्दों पर भी अफसरों के साथ चर्चा की। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने उद्यमियों, फ्लैट बायर्स, बिल्डर्स, किसानों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा क्षेत्रों के विकास के साथ साथ प्राधिकरणों को स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार लाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि स्थानीय युवाओं का विकास भी शहर के विकास का हिस्सा हो।

तीनों प्राधिकरणों के कार्यों की समीक्षा करने नोएडा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ   फोटोः दीपक यादव